# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### फरवरी-मार्च, 2007 सत्र

### बुधवार, दिनांक 14 मार्च, 2007

### तारांकित प्रश्नोत्तर

निर्माणाधीन शाला भवनों तथा छात्रावासों की जानकारी

1. (*क्र. 1465) **श्री संजीव शाह :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला राजनांदगांव में कौन-कौन से आश्रम शाला, छात्रावास भवन, हाई स्कूल भवन के निर्माण कार्य प्रगति पर है ? (ख) निर्माणाधीन भवनों का निर्माण कार्य कब प्रारंभ हुआ और कार्य पूर्ण होने की अवधि, अनुबंध के अनुसार कब तक है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

आरामिलों की जांच में अनियमितता

2. (*क्र. 1655) **श्री घनेन्द्र साहू :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2003-04 में रायपुर जिले की आरामिलों जांच पर की गई अनियमितता की जांच रिपोर्ट कब दी गई ? जांच अधिकारी का नाम, दोषी अधिकारी-कर्मचारी के नाम तथा जांच अधिकारी के क्या निष्कर्ष है ? (ख) दोषी अधिकारी/कर्मचारियों के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जांच रिपोर्ट दिनांक 22-09-2005 को दी गई. जांच अधिकारी का नाम श्री आर. सी. रैगर, (भा. व. से.) मुख्य वन संरक्षक हैं. रिपोर्ट में उल्लेखित अधिकारी कर्मचारियों के नाम †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. जांच प्रतिवेदन में आरामिलों की जांच में अनियमितता होना दर्शाया गया है. (ख) जांच प्रतिवेदन में उल्लेखित 14 अधिकारियों/कर्मचारियों से स्पष्टीकरण हेतु लेख किया गया है.

पुरातात्विक स्थलों के समीप खदान खनन एवं निर्माण कार्य पर प्रतिबंध

3. (*क्र. 1614) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पुरातात्विक महत्व के स्थलों के आस-पास का कितना भू-भाग विधि स्वत्व से विमुक्त होता है ? (ख) कंडिका "क" के स्थलों के आस-पास कितनी दूरी तक खदान खनन, निर्माण कार्य, उद्योगों की स्थापना आदि पर प्रतिबंध है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) पुरातत्वीय महत्व के स्थलों के आसपास 100 मीटर निषिद्ध क्षेत्र एवं उससे संलग्न 200 मीटर विनियमित क्षेत्र है अर्थात् कुल 300 मीटर का भू-भाग विधि स्वत्व से विमुक्त होता है. (ख) पुरातत्वीय महत्व के स्थलों के आसपास खदान-खनन, निर्माण आदि के लिए 100 मीटर निषिद्ध क्षेत्र तथा उससे संलग्न 200 मीटर विनियमित प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित है. उद्योगों के प्रकार से उत्पन्न पर्यावरण-प्रदूषण, विस्फोट-प्रसार, विध्वंस आदि की प्रकृति के अनुसार तथा अन्य संबंधित वन, पर्यावरण, खनिज साधन, उद्योग आदि विभागों के नियमानुसार सुनिश्चित दूरी प्रतिबंधित होती है.

रोजगार गारंटी मद से कराए गए कार्यों का भुगतान

4. (*क्र. 1378) **श्री रजिन्दरपाल सिंह भाटिया :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव वनमंडल के

---

† परिशिष्ट "एक"

†† परिशिष्ट "दो"

खुज्जी वन परिक्षेत्र में रोजगार गारंटी मद से कहां-कहां, कौन-कौन से कार्य, कितनी राशि के कब आरम्भ किए गए हैं ? (ख) क्या प्रश्नांश ''क'' के परिक्षेत्र के ग्राम करमरी में रतनजोत रोपणी कार्य कराया गया है ? यदि हां, तो मस्टर रोल क्रमांक एवं मस्टर रोलों के ग्राम पंचायत में जमा करने की तिथि क्या है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. (1) | स्थल का नाम (2) | कार्य का नाम (3) | भौतिक लक्ष्य (4) | स्वीकृत राशि (5) | कार्य आरंभ की तिथि (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | करमरी | रतनजोत रोपण | 19 हे. | 460000 | 20-06-06 |
| 2. | महरूम | --,,-- | 30 हे. | 732000 | 21-06-06 |
| 3. | बडहूम | --,,-- | 8 हे. | 188000 | 26-06-06 |
| 4. | दर्री | --,,-- | 10 हे. | 235000 | 27-06-06 |
| 5. | दर्री | --,,-- | 10 हे. | 235000 | 08-07-06 |
| 6. | बनवागांव | बनवागांव से संबलपुर मार्ग निर्माण कार्य. | 4.5 कि. मी. | 520000 | 24-10-06 |

(ख) जी हां. ग्राम करमरी में रतनजोत रोपण कार्य कराया गया है, जिनके मस्टर रोल क्रमांक 0487282, 0487283 से 0487284, 0487281 एवं 0487286 से 0487290 एवं 0457689, 0457690 से 0457696, 0487285 से 0487287, 0458405 से 0458408, 0458448 से 0458450 एवं 0458421, 0458422 से 0458425, 0458441 से 0458443 हैं. कराए गए कार्यों के मस्टर रोल की प्रति ग्राम पंचायत में जमा नहीं की गई.

बालोद विधान सभा क्षेत्र के ग्रामों में नल जल एवं स्थल जल योजना की स्वीकृति

5. (*क्र. 1451) **श्री प्रीतम साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि दुर्ग जिले के बालोद विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2005-06 से 15-2-2007 तक कौन-कौन से ग्राम में नलजल योजना स्वीकृत है तथा कौन-कौन से ग्राम में स्थल जल योजना स्वीकृत एवं प्रस्तावित है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : प्रश्नाधीन अवधि में स्वीकृत नलजल प्रदाय योजना वाले ग्राम † संलग्न प्रपत्र ''अ'' अनुसार. स्वीकृत स्थल जल योजना वाले ग्राम † संलग्न प्रपत्र ''ब'' अनुसार. प्रस्तावित स्थल जल योजना निरंक.

जिला बस्तर में वनों के सुधार हेतु वृक्षारोपण

6. (*क्र. 650) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर जिले में बिगड़े वनों को सुधारने हेतु वृक्षारोपण के लिए सन् 2005-06 एवं 2006-07 में कितने हेक्टेयर भूमि का चयन किन-किन ग्रामों में किया गया है ? (ख) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र में वन सुधार योजना के तहत किन-किन गांव का चयन किया गया है ? (ग) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत उक्त अवधि में किस-किस मद से किन-किन ग्रामों में कितनी-कितनी लागत से कितने पौधे किस-किस प्रजाति के पौधे रोपित किए गए हैं ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-एक में दर्शित है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-दो में दर्शित है. (ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-तीन में दर्शित है.

तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस एवं चरण पादुका का वितरण

7. (*क्र. 1211) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 2005-06 में राज्य में जिलेवार कितने-कितने परिवार तेंदूपत्ता संग्राहक के रूप में पंजीकृत हैं तथा जिलेवार कितने-कितने परिवार को कितनी-कितनी चरण पादुकायें प्रदाय की गयी ?

† परिशिष्ट ''तीन''

(ख) प्रत्येक जोड़ी चरण पादुका की क्या कीमत थी एवं प्रदेश में जिलेवार चरण पादुकाओं की खरीदी पर कितनी-कितनी राशि खर्च की गई ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) संघ स्तर से क्रय की गई प्रत्येक जोड़ी चरण पादुका की कीमत रुपये 88/- प्रति जोड़ी थी, दंतेवाड़ा जिले में सलवा जुडूम कैम्प में वितरण हेतु क्रय की गई चरण पादुका की कीमत रुपये 125/- एवं रुपये 189/- प्रति जोड़ी थी. प्रदेश में जिलेवार चरण पादुकाओं की खरीदी पर खर्च की राशि की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है.

पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत अनु. जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को गणवेश का प्रदाय

8. (*क्र. 1110) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत अनु. जाति एवं जनजाति वर्ग के बालक, बालिकाओं को गणवेश प्रदाय किया जाता है ? (ख) वर्ष 2006-07 में पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र में किन-किन शाला में किन-किन वर्ग के कितने-कितने छात्र-छात्राओं को कब-कब गणवेश प्रदाय किया गया ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग की बालिकाओं के साथ-साथ विशेष पिछड़ी जनजाति के बालकों को भी गणवेश प्रदाय किया जाता है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" पर है.

घास जमीन को कृषि मद में परिवर्तन संबंधी

9. (*क्र. 1633) **श्री चैतराम साहू :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि रायपुर जिले के राजस्व अनुभाग भाटापारा के अन्तर्गत ग्राम खोलवा प. ह. नं. 6/25 में स्थित खसरा नं. 381-382 एवं 382 में ही क्रमशः 0.454 एवं 1.108 हेक्टेयर भूमि पर बने तालाब (घास जमीन) को कृषि मद में परिवर्तन कर नामांतरण कर दिया गया है ? (ख) यदि हां, तो कब व किसके नाम पर किस सक्षम अधिकारी के आदेश द्वारा ? (ग) क्या उक्त भूमि के संबंध में ग्रामीणजनों के द्वारा विभाग को शिकायत की गई थी ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जी नहीं. (ख) प्रश्नांश "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) जी हां. ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत शिकायत आवेदन पत्र की जांच नायब तहसीलदार भाटापारा से कराई गई. नायब तहसीलदार के जांच प्रतिवेदन के अनुसार वर्तमान में तालाब का स्वरूप बदलकर खेत बना लिया गया, तार का घेरा डाला गया, एवं धान की फसल की जा रही है. इस प्रतिवेदन पर वाजिब उल अर्ज के तहत ग्राम निस्तारी का उल्लंघन किये जाने के कारण वर्तमान धारक नरेन्द्र भूषणिया को भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-253 के तहत कार्यवाही किये जाने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. प्रकरण वर्तमान में अनावेदक के जवाब एवं सुनवाई हेतु विचाराधीन है.

बिलासपुर जिले के मुंगेली तहसील के कोटवारों को वितरित सेवा भूमि

10. (*क्र. 234) **श्री चन्द्रभान बारमते :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले के मुंगेली तहसील में कौन-कौन से गांवों के किन-किन कोटवारों को कितनी-कितनी एकड़ सेवा भूमि दी गई है ? खसरा नम्बर, रकबा सहित, कोटवार, ग्रामवार जानकारी देवें ? (ख) क्या उक्त कोटवारों को उक्त भूमि का स्वामी हक का पट्टा दे दिया गया है ? यदि हां, तो कब-कब दिया गया है ? (ग) कितने कोटवारों ने प्राप्त सेवा भूमि को बेच दी है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क), (ख) एवं (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

घास भूमि को छोटे बड़े झाड़ के जंगल मद में दर्ज की कार्यवाही

11. (*क्र. 714) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि चांपा तहसील के अंतर्गत समस्त ग्रामों में 01 जनवरी, 2000 से 31-12-2001 की अवधि में समस्त शासकीय घास भूमि को छोटे बड़े झाड़ के जंगल के मद में पटवारी अभिलेखों में दर्ज कराया गया है ? यदि हां, तो किसके आदेश से ? (ख) शासकीय भूमि वर्ष 1994-95 में पटवारी अभिलेखों में किस मद में दर्ज है एवं कंडिका (क) से संबंधित समस्त भूमि मिसल बंदोबस्त वर्ष 1929-30 में किस मद में दर्ज है ?

† परिशिष्ट "चार"

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जी नहीं. (ख) प्रश्नाधीन अवधि में शासकीय भूमि पटवारी अभिलेख में बड़े झाड़ का जंगल, छोटे झाड़ का जंगल और घास तथा अन्य मद में दर्ज है. मिसल बन्दोबस्त में उक्त सभी शासकीय भूमि बड़े झाड़, छोटे झाड़, झुड़पी जंगल एवं घास तथा पानी के नीचे, सड़क, रास्ता, आबादी, बाग, अमराई आदि के रूप में अलग-अलग दर्ज है.

शासकीय सेवकों के फर्जी जाति प्रमाण-पत्र की जांच

12. (*क्र. 419) **श्री बैदूराम कश्यप :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बस्तर जिले में अ. ज. जा. के फर्जी जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर शासकीय नौकरी प्राप्त करने की कितनी शिकायतें विभाग को प्राप्त हुई है ? शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : एक शिकायत प्राप्त हुई है. जाति प्रमाण-पत्र उच्च स्तरीय छानबीन समिति द्वारा जांच उपरान्त प्रमाण-पत्र गलत/फर्जी पाये जाने पर कलेक्टर बिलासपुर को जाति प्रमाण-पत्र निरस्त करने तथा स्वास्थ्य विभाग को नियुक्ति निरस्त करने की अनुशंसा की गई.

सरस्वती योजनान्तर्गत सायकलों का वितरण

13. (*क्र. 1404) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं को सरस्वती योजना के तहत 2005-06 में कितनी सायकलें वितरित की गई है ? (ख) वर्ष 2006-07 में 31-12-06 तक की स्थिति में दुर्ग जिले में कितनी बालिकाओं को उक्त योजना के तहत सायकल का वितरण किया गया है ? (ग) क्या यह सही है कि सरस्वती योजना के तहत इन वर्ग के बालिकाओं में से 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिका को स्कूटर देने की घोषणा की गई है ? यदि हां, तो वर्ष 2006-07 में कितनी बालिकाओं को स्कूटर दिया गया ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) 24,649 नग. (ख) 446 बालिकाओं को. (ग) जी नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

जिला महासमुंद में अल्पवृष्टि से प्रभावित ग्रामों में स्वीकृत कार्य

14. (*क्र. 912) **श्री प्रीतम सिंह दीवान :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुन्द जिले में वर्ष 2005-06 में अनावृष्टि/अल्पवृष्टि से कहां-कहां के कितने कृषक प्रभावित हुए ? (ख) अनावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों की गणना में क्या अनावारी को मापदण्ड बनाया गया ? यदि हां, तो सबसे कम अनावारी का मूल्यांकन किन गांवों का किया गया ? (ग) प्रश्नांश "ख" के गांवों में कौन-कौन से कार्य कितनी-कितनी लागत के स्वीकृत किए गए ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) महासमुन्द जिले के महासमुन्द, बसना एवं सरायपाली तहसील के कुल 69696 कृषक प्रभावित हुए हैं. (ख) जी हां. वर्ष 2005-06 में सबसे कम आनावारी के 31 ग्रामों जिनकी आनावारी 0 से 25 पैसे की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" पर तथा 461 ग्रामों जिनकी आनावारी 26 से 37 पैसे तक की, जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" पर है. (ग) राहत मद के अन्तर्गत 117 कार्य लागत राशि रु. 372.31 लाख के स्वीकृत किये गये विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "स" पर है.

राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र में हैण्डपंपों का मरम्मत एवं रखरखाव

15. (*क्र. 1547) **श्री उदय मुदलियार :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में विशेष मरम्मत/अनुरक्षण मद से कितने हैण्डपंप की मरम्मत करायी गयी ? (ख) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में हैण्डपंपों के लिए कितने प्लेटफार्मों का निर्माण कराया गया ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) हैण्डपंप सुधार मद के तहत निम्नानुसार हैण्डपंप की मरम्मत कराई गई :-

| क्रमांक | वर्ष | हैण्डपंप एवं मरम्मत संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2005-06 | 1383 |
| 2 | 2006-07 (फरवरी 2007 तक) | 949 |

(ख) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र में निम्न दर्शाये नये हैण्डपंपों में प्लेटफार्म तथा पुराने हैण्डपंपों के टूटे प्लेटफार्मों के स्थान पर नये प्लेटफार्म का पुन: निर्माण कराया गया :-

| क्रमांक | वर्ष | नये हैण्डपंप के प्लेटफार्म निर्माण की संख्या | पुराने हैण्डपंपों के टूटे-फूटे प्लेटफार्म के पुन: निर्माण की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2005-06 | 15 | 11 |
| 2 | 2006-07 | 17 | 19 |

राजिम कुंभ मेला 2007 में व्यय राशि

16. (*क्र. 1635) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजिम कुंभ मेला 2007 में कुल कितना व्यय किया गया ? (ख) राजिम कुंभ मेले 2007 में आये दर्शनार्थियों, तीर्थयात्रियों के लिए शासन द्वारा कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) राजिम कुंभ मेला 2007 में अब तक राशि रुपये 1,50,70,000/- (रु. एक करोड़ पचास लाख सत्तर हजार) दिनांक 5 मार्च 2007 तक व्यय की गई है. (ख) राजिम कुंभ मेले 2007 में आए दर्शनार्थियों, तीर्थयात्रियों के लिए शासन द्वारा निम्नानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी :- राजिम कुंभ 07 में आए दर्शनार्थियों, तीर्थयात्रियों के लिए शासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं व सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई थी. जिसके तहत संतों के आवास हेतु तथा श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों से उनके संपर्क, प्रवचन लाभ हेतु संत समागम स्थल पर 350x600 अर्थात् 5 एकड़ से ज्यादा भूमि पर पंडाल, मंच आदि की व्यवस्थाएं की गई थी. इस हेतु 100 से ज्यादा पेयजल हेतु नलों, 180 शौचालयों तथा यात्रियों के प्रतिक्षालय के रूप में 9000 वर्ग फुट वाले चार डोम वाटर प्रुफ सुविधा के साथ मेला स्थल के विभिन्न स्थानों पर बनाये गए थे. तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु रायपुर, धमतरी, महासमुंद, आरंग, देवभोग आदि क्षेत्रों से विशेष बसें/वाहन संचालित की गई थी. नयापारा से राजिम को जोड़ने वाला एक मात्र राजिम पुल है, जिसमें तीर्थयात्रियों की बढ़ती हुई संख्या के कारण गत वर्ष ही ट्रेफिक जाम की स्थिति निर्मित हो जाती थी, अतएव इस वर्ष जनता की सुविधा के लिए नदी को पार करने के लिए दो स्थानों पर ह्यूम पाईप पुलिया का निर्माण तथा 4 कि. मी. से अधिक कच्ची सड़क का निर्माण किया गया था. तीर्थयात्रियों के स्नान की सुविधाओं को दृष्टिगत करते हुए ह्यूम पाईप पुलिया के निकट पानी संग्रहण किया गया था तथा स्नान कुंड का निर्माण करवाया गया था, जिसमें एक साथ 25 हजार से ज्यादा तीर्थयात्रियों के स्नान करने की सुविधा थी. संपूर्ण मेला क्षेत्र में प्रकाश की व्यापक व्यवस्थाएं कायम की गई थी. सड़कों के किनारों पर ट्यूब-लाइटें तथा टावर बनाकर हैलोजन एवं मेटल हाईलाईट बल्बों के माध्यम से रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी. तीर्थयात्रियों की भोजन सुविधा हेतु विभिन्न स्थानों में 20 दाल भात केन्द्रों की स्थापना की गई थी. तीर्थयात्रियों तथा आम जनता की सुविधा हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों तथा 300 से अधिक पुलिस बल की तैनाती की गई थी. मेला क्षेत्र में जन सुविधा हेतु संत समागम क्षेत्र तथा मुख्य मंच के पास सूचना केन्द्रों की स्थापना की गई थी. स्वास्थ्य सुविधा के लिए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधाएं उपलब्ध थी, डॉक्टर तथा कर्मचारी एवं अधिकारी दवाईयां/एम्बुलेन्स के साथ 24 घंटे तैनात थे. सम्पूर्ण मेला स्थल पर अलग-अलग विभागों के सूचना केन्द्र स्थापित किए गए थे.

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का भुगतान

17. (*क्र. 578) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या वर्ष 2005-06 में जांजगीर-चांपा जिले में प्राथमिक/माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के राज्य छात्रवृत्ति/मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति भुगतान लंबित है ? यदि हां, तो छात्रों की कुल संख्या, भुगतान हेतु कुल राशि कितनी-कितनी है ? (ख) छात्रवृत्ति भुगतान हेतु लंबित होने के क्या कारण है ? कब तक भुगतान कर दी जावेगी ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) जी हां, उच्चतर माध्यमिक शालाओं के पिछड़ा वर्ग मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति का भुगतान लंबित है. जानकारी निम्नानुसार है :-

| भुगतान हेतु लंबित छात्रों की कुल संख्या (1) | भुगतान हेतु लंबित कुल राशि (2) |
|---|---|
| 1302 | 15,27,954=00 |

(ख) आवंटन प्राप्ति में विलंब के कारण वितरण नहीं किया जा सका, इसी शिक्षण वर्ष में वितरण किया जावेगा.

बस्तर विकास प्राधिकरण, माडा पाकेट तथा अन्य मदों में आवंटित राशि

18. (*क्र. 1010) **श्री योगेश्वरराज सिंह :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कवीरधाम जिले में आदिमजाति कल्याण विभाग में 1 अप्रैल, 2004 से 07-02-2007 तक माडा पाकेट, हरिजन विशेषांक, बस्तर विकास प्राधिकरण एवं अन्य मद में कितनी-कितनी राशि आवंटित की गई ? (ख) आवंटित राशि में से कितनी-कितनी राशि कौन-कौन से विभाग को दी गई ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" पर दर्शित है. (ख) आवंटित राशि में से विभिन्न विभागों को पुनरावंटित राशि की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" पर दर्शित है.

ग्राम पंचायतों में शौचालयों का निर्माण

19. (*क्र. 782) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत् वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में रायगढ़ जिले के किन-किन ग्राम पंचायतों में शौचालय निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की गई ? जनपद पंचायतवार जानकारी देवें ? (ख) शौचालय निर्माण हेतु आदेशित कार्यों में कितने ग्राम पंचायतों के कितने-कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं ? और कितने-कितने कार्य पूर्ण है ? ग्राम पंचायतवार जानकारी देवें ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

शासकीय भूमि को निजी स्वत्वों के नाम से हस्तांतरण

20. (*क्र. 1059) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या कोरबा शहर के पटवारी ह. नं. 4 के खसरा नं. 92, 95, 98, 142, 143, 162, 181 एवं 201 शासकीय भूमि निजी स्वत्व में बेचने एवं दर्ज किए जाने की शिकायतें शासन को प्राप्त हुई है ? (ख) यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जी हां. (ख) जांच प्रचलन में है.

दुर्ग जिले में स्वीकृत नल-जल योजनाएं

21. (*क्र. 1125) **श्रीमती रमशीला साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि दुर्ग जिले में दो हजार की ऊपर आबादी वाले कितने ग्रामों में 08-02-07 तक नल-जल योजना स्वीकृत की गयी है ? कितने ग्राम शेष है ? शेष में कब तक स्वीकृति दी जावेगी ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : वर्ष 2001 की जनगणना के आधार पर 98 ग्राम. 53 ग्राम शेष है. निश्चित अवधि बताना संभव नहीं.

छत्तीसगढ़ राज्य के धार्मिक नगर

22. (*क्र. 993) **मोहम्मद अकबर :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ राज्य में धार्मिक नगर कौन-कौन से हैं, तथा किस-किस जिले में स्थित हैं ? (ख) उक्त धार्मिक नगरों का निर्धारण किस आधार पर किया जाता है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य में धार्मिक नगर घोषित किये जाने के कोई प्रावधान नहीं है. (ख) "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

† परिशिष्ट "पांच"

## सीतापुर विधान सभा अंतर्गत विद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति

23. (*क्र. 449) **श्री अमरजीत भगत :** क्या आदिमजाति विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सीतापुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रा. शा. एवं पूर्व मा. शा. हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूल में कितने-कितने पद रिक्त हैं ? स्कूलवार जानकारी देवें ? (ख) वर्ष 2006-07 में सीतापुर वि. स. क्षेत्र में किन-किन प्रा. शा. को पूर्व मा. शा. में, पूर्व मा. शा. को हाई स्कूल में तथा हाई स्कूल को हायर सेकेण्ड्री स्कूल में उन्नयन किया गया है ?

**आदिमजाति विकास मंत्री** (श्री गणेशराम भगत) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" एवं "ब" अनुसार है. (ख) प्राथमिक शालाओं को माध्यमिक शालाओं में उन्नयन किया गया है. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "स" अनुसार है. माध्यमिक शाला का हाई स्कूल एवं हाई स्कूल का हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन नहीं किया गया है.

## स्टेडियम एवं मिनी स्टेडियम का निर्माण

24. (*क्र. 1046) महंत रामसुंदर दास : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कितने स्टेडियम एवं मिनी स्टेडियम है ? जिलेवार बताएं ? (ख) क्या प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय में एक मिनी स्टेडियम का निर्माण करना प्रस्तावित है ? यदि हां तो जिला जांजगीर-चांपा के नौ विकासखण्ड मुख्यालयों में किन-किन स्थानों पर यह योजना प्रगति पर है एवं प्रस्तावित है ? पामगढ़ एवं नवागढ़ ब्लाक मुख्यालयों में इसकी क्या स्थिति है कृपया बतावें ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) :

(क)

| क्रमांक | जिला | स्टेडियम | मिनी स्टेडियम |
|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 1 | 3 |
| 2. | महासमुन्द | - | 3 |
| 3. | धमतरी | - | - |
| 4. | बिलासपुर | 2 | 2 |
| 5. | कोरबा | 2 | 5 |
| 6. | जांजगीर-चांपा | - | 1 |
| 7. | दुर्ग | 4 | 1 |
| 8. | राजनांदगांव | 1 | 1 |
| 9. | कबीरधाम | - | 1 |
| 10. | सरगुजा | 1 | 9 |
| 11. | कोरिया | 1 | 2 |
| 12. | बस्तर | 1 | 14 |
| 13. | दंतेवाड़ा | - | - |
| 14. | कांकेर | - | 4 |
| 15. | रायगढ़ | 1 | 4 |
| 16. | जशपुर | 1 | 2 |

(ख) जी हां, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इन्द्रप्रस्थ योजना के तहत ऐसे विकासखण्ड जहां नगरीय निकाय नहीं है, में मिनी स्टेडियम बनाये जाने की योजना है. जिला जांजगीर-चांपा के पामगढ़, मालखरौदा एवं जैजेपुर में मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य प्रगति पर है. पामगढ़ में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रगति पर है. नवागढ़ में मिनी स्टेडियम का निर्माण नहीं कराया जा रहा है.

## वन अधोसंरचना के विकास हेतु प्रदत्त राशि

25. (*क्र. 1452) **श्री प्रीतम साहू :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले के बालोद विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वन सुरक्षा अधोसंरचना के विकास हेतु वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में 15-02-2007 तक एकीकृत वन सुरक्षा योजनान्तर्गत केन्द्रांश एवं राज्यांश से कितनी राशि विभाग को प्रदाय की गई है ? (ख) केन्द्रांश एवं राज्यांश से प्राप्त राशि में से किन-किन मदों में कौन-कौन से कार्यों के लिए कितनी राशि व्यय की गई है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) जानकारी निम्नानुसार है :-

| वर्ष | प्रदाय की गई राशि (रुपये में) | | |
|---|---|---|---|
| | केन्द्रांश | राज्यांश | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 2005-06 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2006-07 (15-02-2007) तक | 2,79,400 | 93,100 | 3,72,500 |

(ख) एकीकृत वन सुरक्षा योजना के तहत वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में प्राप्त आवंटन तथा व्यय की कार्यवार जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | वर्ष | विधान सभा | कार्य विवरण | आवंटन | | व्यय (15-02-07 तक) | | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | भौतिक | वित्तीय (रुपये में) | भौतिक | वित्तीय (रुपये में) | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1. | 2005-06 | बालोद | - | - | - | - | - | |
| 2. | 2006-07 (15-02-2007 तक) | बालोद | संयुक्त वन प्रबंधन के सदस्यों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण. | - | 10,000 | - | 9,960 | कार्य पूर्ण |
| | | | वनरक्षक भवन निर्माण | 1 नग | 1,37,500 | 1 नग | 90,000 | कार्य प्रगति पर |
| | | | वनपाल भवन निर्माण | 1 नग | 2,25,000 | 1 नग | 1,75,000 | --,,-- |
| | | | **योग** | **2 नग** | **3,72,500** | **2 नग** | **2,74,960** | |

------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्र. 1465) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

| क्र. (1) | आश्रमशाला, छात्रावास, हाईस्कूल का नाम जिनका भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है (2) | निर्माण कार्य प्रारंभ होने की तिथि (3) | अनुबंध अनुसार कार्य पूर्ण होने की तिथि (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | आदिवासी बालक आश्रम, बासड़ी | 05-04-2006 | 04-06-2006 |
| 2. | आदिवासी बालक आश्रम, नवागांव | 16-07-2002 | 31-03-2005 |
| 3. | आदिवासी कन्या आश्रम, औंधी | 08-11-2005 | 07-09-2006 |
| 4. | पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, चौकी | 27-10-2004 | 31-08-2006 |
| 5. | पोस्ट मैट्रिक परियोजना कन्या छात्रावास, राजनांदगांव | 15-10-2004 | 31-03-2006 |
| 6. | पोस्ट मैट्रिक परियोजना बालक छात्रावास, राजनांदगांव | 27-10-2004 | 26-09-2005 |
| 7. | प्री. मैट्रिक अनुसूचित कन्या छात्रावास, राजनांदगांव | 15-06-2004 | 14-05-2005 |
| 8. | प्री. मैट्रिक अनुसूचित बालक छात्रावास, तुमड़ीबोड़ | 15-06-2004 | 14-05-2005 |
| 9. | पो. मैट्रिक अनुसूचित कन्या छात्रावास, राजनांदगांव | 12-05-2006 | 11-04-2007 |
| 10. | प्री. मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, छुईखदान | 29-08-2005 | 31-01-2007 |
| 11. | प्री. मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, गंडई | 05-08-2005 | 04-03-2006 |
| 12. | हाईस्कूल, चिल्हाटी | 16-12-2003 | 31-03-2005 |
| 13. | हाईस्कूल, मारी | 26-06-2004 | 31-03-2006 |
| 14. | हाईस्कूल, गोंटाटोला | 26-06-2004 | 31-03-2006 |
| 15. | हाईस्कूल, गोडलवाही | 09-05-2005 | 08-11-2005 |
| 16. | हाईस्कूल, उमरवाही | 09-05-2005 | 08-11-2005 |
| 17. | उ. मा. शाला, माहुद मचांदुर | 24-05-2005 | 23-11-2005 |
| 18. | हाईस्कूल, भाड़सेना | 21-12-2006 | 05-07-2007 |
| 19. | हाईस्कूल, अरजकुण्ड | 21-12-2006 | 05-07-2007 |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्र. 1655) के भाग (क) की जानकारी ]

### अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची

| क्र. (1) | अधिकारियों का नाम (2) | पदस्थिति विवरण (3) |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. आर. सी. शर्मा | (सेवानिवृत्त) तत्कालीन प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छ. ग. |
| 2. | श्री धीरेन्द्र शर्मा | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास/योजना) एवं तत्कालीन अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (बजट एवं लेखा) |
| 3. | श्री व्ही. एस. सिलेकर | कार्यकारी संचालक छ. ग. राज्य वन विकास निगम रायपुर एवं तत्कालीन प्रभारी मुख्य वन संरक्षक रायपुर वन वृत्त. |
| 4. | डॉ. अनूप भल्ला | मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) एवं तत्कालीन मुख्य वन संरक्षक (बजट एवं लेखा). |
| 5. | डॉ. जे. के. उपाध्याय | मुख्य वन संरक्षक (बजट एवं लेखा) एवं तत्कालीन मुख्य वन संरक्षक (संयुक्त वन प्रबंधन) एवं प्रभारी मुख्य वन संरक्षक रायपुर वन वृत्त. |
| 6. | श्री राकेश चतुर्वेदी | प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड रायपुर एवं तत्कालीन व. मं. अ. रायपुर वन मंडल. |
| 7. | श्री एस. के. सिंह | वन संरक्षक कार्य आयोजना बिलासपुर एवं तत्कालीन वन मंडलाधिकारी रायपुर वन मंडल. |
| 8. | श्री श्रीनिवास राव | वन संरक्षक कांकेर वृत्त कांकेर एवं तत्कालीन वन मंडलाधिकारी धमतरी वन मंडल. |
| 9. | श्री एस. एस. डी. बड़गैया | वन मंडलाधिकारी कटघोरा वन मंडल एवं तत्कालीन वन मंडलाधिकारी महासमुन्द वन मंडल एवं तत्कालीन वन मंडलाधिकारी पूर्व रायपुर वन मण्डल. |
| 10. | श्री हेमन्त कुमार पाण्डेय | वन मंडलाधिकारी जशपुर वन मंडल एवं तत्कालीन वन मंडलाधिकारी उदंती वन मंडल. |
| 11. | श्री अमर नाथ प्रसाद | वन मंडलाधिकारी उत्तर सरगुजा वन मंडल एवं तत्कालीन वन मंडलाधिकारी पूर्व रायपुर वन मंडल. |
| 12. | श्री आर. के. सूद | उप वन मंडलाधिकारी रायपुर वन मंडल एवं तत्कालीन प्रभारी अधिकारी उड़नदस्ता एवं एन्टी पोचिंग स्क्वायड रायपुर. |
| 13. | श्री आर. के. पंडित | परिक्षेत्र अधिकारी बेलगहना, मरवाही वन मंडल एवं तत्कालीन वृत्त स्तरीय उड़नदस्ता वन क्षेत्रपाल, रायपुर. |
| 14. | श्री बी. पी. तिवारी | वनरक्षक वृत्त स्तरीय उड़नदस्ता रायपुर. |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 1451) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**दुर्ग जिले के बालोद विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2005-06 से 15-2-07 तक स्वीकृत नलजल योजना**

| क्र. (1) | ग्राम का नाम (2) | विकासखंड (3) | योजना लागत (4) | प्रशा. स्वी. क्र. व दि. (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | करहीभदर आवर्धन योजना | बालोद | 16.24 | 25/प्रशा/रायपुर दि. 30-5-05 |
| 2. | अरमरीकला आवर्धन योजना | गुरूर | 17.25 | 26/प्रशा/रायपुर दि. 30-5-05 |
| 3. | फागुन्दाह ---,,--- | गुरूर | 16.23 | 194/मुअ/दि. 28-3-06 |
| 4. | झलमला ---,,--- | बालोद | 10.59 | 29/मुअ/दि. 3-5-06 |
| 5. | फेन्दरवानी ---,,--- | गुरूर | 15.48 | 69/मुअ/दि. 8-6-06 |
| 6. | कोलिहामार ---,,--- | गुरूर | 17.10 | 226/मुअ/दि. 18-1-07 |

प्रपत्र "ब"

दुर्ग जिले के बालोद विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2005-06 से 15-2-07 तक स्वीकृत स्थल जल योजना

| क्र. (1) | ग्राम का नाम (2) | विकासखंड (3) | योजना लागत (4) | प्रशा. स्वी. क्र. व दि. (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | खोरदो | गुरूर | 1.67 | 175/मुअ/दि. 27-2-06 |
| 2. | भोथली | गुरूर | 5.78 | 51/मुअ/दि. 17-5-06 |
| 3. | जुंगेरा | बालोद | 2.498 | 239/मुअ/दि. 1-2-07 |
| 4. | पोण्डी | बालोद | 2.41 | 236/मुअ/दि. 1-2-07 |
| 5. | बेलमांड | बालोद | 2.50 | 234/मुअ/दि. 1-2-07 |
| 6. | उमरादाह | बालोद | 2.13 | 233/मुअ/दि. 1-2-07 |
| 7. | कुम्हारखार | गुरूर | 2.43 | 232/मुअ/दि. 1-2-07 |
| 8. | सोनईडोंगरी | गुरूर | 2.46 | 237/मुअ/दि. 1-2-07 |
| 9. | बोडरा | गुरूर | 2.48 | 240/मुअ/दि. 1-2-07 |
| 10. | खुंदनी | गुरूर | 3.35 | 241/मुअ/दि. 1-2-07 |
| 11. | खर्रा | गुरूर | 2.61 | 235/मुअ/दि. 1-2-07 |
| 12. | दुबचेरा | गुरूर | 2.46 | 238/मुअ/दि. 1-2-07 |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्र. 1211) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

| क्रमांक (1) | जिले का नाम (2) | वर्ष 2005-06 में पंजीकृत तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की संख्या (3) | प्रदाय की गई चरणपादुकाओं की संख्या (जोड़ी में) (4) | क्रय की गई चरणपादुकाओं की संख्या (5) | क्रय की गई चरणपादुकाओं की दर (रुपये प्रति जोड़ी) (6) | चरणपादुकाओं की खरीदी पर व्यय की गई राशि (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 85067 | 85067 | 85213 | 88 | 7498744 |
| 2. | महासमुंद | 95491 | 95491 | 95385 | 88 | 8393880 |
| 3. | धमतरी | 29385 | 29385 | 27729 | 88 | 2440152 |
| 4. | दुर्ग | 26448 | 26448 | 25847 | 88 | 2274536 |
| 5. | राजनांदगांव | 73949 | 73949 | 73900 | 88 | 6503200 |
| 6. | कवर्धा | 30209 | 30209 | 30158 | 88 | 2653904 |
| 7. | बिलासपुर | 48391 | 48391 | 48367 | 88 | 4256296 |
| 8. | कोरबा | 93936 | 93936 | 94953 | 88 | 8355864 |
| 9. | रायगढ़ | 98800 | 98800 | 99316 | 88 | 8739808 |
| 10. | जांजगीर-चांपा | 9210 | 9210 | 9210 | 88 | 810480 |
| 11. | सरगुजा | 177369 | 177369 | 189108 | 88 | 16641504 |
| 12. | कोरिया | 48978 | 48978 | 49019 | 88 | 4313672 |
| 13. | जशपुरनगर | 52938 | 52938 | 52947 | 88 | 4659336 |
| 14. | कांकेर | 98928 | 98928 | 98826 | 88 | 8696688 |
| 15. | बस्तर | 158181 | 158181 | 158204 | 88 | 13921952 |
| 16. | दंतेवाड़ा | 124951 | 115546 | 127246 | - | 11280036 |
| | कुल योग | 12,52,231 | 12,42,826 | 12,65,428 | - | 11,14,40,052 |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 18 (क्र. 1010) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

| क्र. | योजना का नाम | वित्तीय वर्ष | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2004-05 में आवंटित राशि | 2005-06 में आवंटित राशि | 2006-07 में आवंटित राशि (दिनांक 07-02-2007 तक) | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | माडा पाकेट | 48.15 | 78.72 | 78.72 | 205.59 |
| 2. | अनुसूचित जाति बस्ती विकास (हरिजन विशेषांश) एवं अनाबद्ध राशि. | 23.02 | 16.00 | 8.36 | 47.38 |
| 3. | बस्तर विकास प्राधिकरण | | 32.85 | 28.20 | 61.05 |
| 4. | अन्य | 409.415 | 805.896 | 777.87 | 1993.181 |
| | **महायोग** | **480.585** | **933.466** | **893.15** | **2307.201** |

प्रपत्र "ब"

**कबीरधाम जिले में 01 अप्रैल 2004 से 07-02-2007 तक विभिन्न मदों में आवंटित राशि का विभाग/एजेंसीवार विवरण**

| क्र. (1) | विभाग/एजेंसी का नाम (2) | आवंटित राशि (3) |
|---|---|---|
| 1. | सहायक आयुक्त, आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास, कबीरधाम | 1542.396 |
| 2. | कार्यपालन यंत्री अक्षय ऊर्जा (क्रेडा) रायपुर | 15.60 |
| 3. | वनमण्डलाधिकारी, कबीरधाम | 64.28 |
| 4. | उपसंचालक कृषि, कबीरधाम | 86.29 |
| 5. | सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, कबीरधाम | 136.888 |
| 6. | सहायक संचालक मत्स्य विभाग | 1.162 |
| 7. | कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कबीरधाम | 83.22 |
| 8. | सहायक संचालक (उद्यान) कबीरधाम | 9.12 |
| 9. | महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र कबीरधाम | 0.95 |
| 10. | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बोड़ला | 154.909 |
| 11. | उद्यान अधीक्षक, कबीरधाम | 3.25 |
| 12. | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, पंडरिया | 88.536 |
| 13. | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, कवर्धा | 80.80 |
| 14. | उद्यान अधीक्षक, खुड़ु कबीरधाम | 9.00 |
| 15. | कार्यपालन अभियंता, कबीरधाम | 6.00 |
| 16. | कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कबीरधाम | 9.00 |
| 17. | सहायक निरीक्षक, हाथकरघा | 2.00 |
| 18. | मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कबीरधाम | 2.00 |
| 19. | जिला खाद्य अधिकारी, कबीरधाम | 6.30 |
| 20. | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत लोहरा | 5.50 |
| | **योग** | **2307.201** |